प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

25.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

पंचायत चुनाव

पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव के तहत कल प्रदेश की एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतदान के सुचारू संचालन के लिए कुल 8 हजार एक सौ 98 मतदान दल गठित किए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इन चुनावों के प्रदेश भर में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए सभी मतदान दल अपने—अपने केंद्रों में पहुंच चुके हैं। प्रदेश के सबसे बड़े ज़िले कांगड़ा में भी पंचायत चुनावों को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। पहले चरण के मतदान के लिए ज़िले में 8 सौ 95 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न ने बताया कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

....

एससी— नीट

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा में बार—बार हो रही चूक पर चिंता जताते हुए कहा कि यह दुख की बात है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पिछले पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं सीखा है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी—एनटीए और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो से उन याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए जांच एजेंसी की जगह किसी ज़्यादा मजबूत और स्वायत्त संस्था को लाने की मांग की गई है। न्यायालय ने एजेंसी को बृहस्पतिवार तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि बार—बार पेपर लीक होने से 22 लाख से ज्यादा छात्रों के अधिकारों पर असर पड़ा है। याचिका में भविष्य की परीक्षाओं की निगरानी के लिए सर्वोच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च—स्तरीय निगरानी समिति बनाने की भी मांग की गई है।

....

पैट्रोल—डीजल

पैट्रोल की कीमतों में आज 2 रूपये 61 पैसे और डीजल में 2 रूपये 71 पैसे प्रति लीटर की बढ़ौतरी की गई है। पैट्रोल और डीजल के मूल्यों में पिछले सप्ताह में ये चौथी वृद्धि है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और आयात लागत बढ़ने की वजह से तेल कंपनियों पर भी

दबाव बढ़ा है। इसके अलावा रिफाइनिंग मार्जिन में बदलाव का असर भी ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है।

....

भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के लोक भवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के साथ प्रदेश में विकास व जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। बैठक के दौरान सुशासन और प्रदेश में चलाई जा रही विकासात्मक पहलों पर भी संवाद किया गया।

....

शिक्षा बोर्ड–एआई

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छठी से बारहवीं कक्षा तक के पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल करने की कवायद तेज़ कर दी है। बोर्ड के सचिव विशाल शर्मा ने धर्मशाला में बताया कि स्कूली विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक व डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ए.आई. शिक्षा की आवश्यकता बढ़ने वाली है और इसी उद्देश्य से स्कूल शिक्षा बोर्ड ने ए.आई. को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है। विशाला शर्मा ने बताया कि इस बारे में राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है।

....

राष्ट्रपति पदम पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में 66 विशिष्ट लोगों को वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। समारोह में उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। आज दो पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्मश्री अलंकरण दिए जायेंगे। राष्ट्रपति ने वर्ष 2026 के लिए एक सौ 31 पद्म पुरस्कारों की स्वीकृति दी है। इनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और एक सौ 13 पद्मश्री अलंकरण हैं। शेष पद्म पुरस्कार बाद में समारोह के दूसरे दौर में दिए जायेंगे।

....

आईपीएल

धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू और गुजराज टाइटन्स के बीच आई.पी.एल. का पहला क्वालिफायर मैच कल खेला जाएगा। ये मैच शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा।

मैच को जीतने वाली टीम आई.पी.एल. के फाइनल में पहुंचेगी। इस मैच को लेकर एच.पी.सी.ए. ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

....